## सार-समाचार

### सियावा में रात्रि चौपाल आयोजित

**रेवदर** , (निसं)। जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत सियावा में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य सरकार की लाडो प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 2500 रूपये की पहली किशत प्राप्त करने वाली लाभार्थी बालिकाओं एवं उनकी माताओं को जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी, उपखंड अधिकारी शंकरलाल मीणा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश खराडी द्वारा माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। योजना एवं अभिनंदन समारोह का क्रियान्वयन ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी आबूरोड गौतम मोरारका एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी आबूरोड योषिता कल्ला द्वारा किया गया। योजना के अंतर्गत बालिकाओं को जन्म से लेकर कॉलेज शिक्षा तक विभिन्न किश्तों में एक लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। जिला कलक्टर ने उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए बालिका शिक्षा पर जोर देने की बात कही। कार्यक्रम में शिक्षा, खेल एवं कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। उपखण्ड अधिकारी ने राजस्व विभाग के संबंध में विस्तार से बताया तथा वर्तमान में सरकारी योजना फार्मर रजिस्ट्रेशन शिविर के बारे में काश्तकारो को जानकारी प्रदान की। चिकित्सा विभाग के अधिकारियो द्वारा महिलाओं को रोगों से बच्चो की सुरक्षा आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। रात्रि चौपाल में प्राप्त परिवादो का उपस्थित अधिकारियो को निर्देश प्रदान किये जाकर निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किये गये। इस दौरान विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### पावटी को भटाना में रखने की मांग

**रेवदर**, (निसं)। गांव पावटी के ग्रामीणों ने पावटी को भटाना ग्राम पंचायत में यथावत रखने को लेकर ज्ञापन रेवदर उपखंड अधिकारी, विधायक मोतीराम कोली, पूर्व विधायक जगसीराम कोली एवं प्रशासक भवानी सिंह देवडा को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत भटाना का राजस्व गांव पावटी जिसका पंचायत मुख्यालय भटाना से सीधा जुडाव है जबकि अब उसे मेथीपुरा या पादर में जोडा जाता है तो उसे 10 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करनी पडेगी जो क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय है। ग्रामीणों ने बताया कि राजस्व गांव पावटी के लोग सामाजिक रूप से भटाना के ही है एवं उनके परिवार के कई लोग भटाना में ही रहते हैं। ऐसे में उन्हें अन्य ग्राम पंचायत में जोडने से सामाजिक परिवार से भी दूर हो जाएंगे । ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि पावटी के लोगों के द्वारा पावटी को भटाना से अलग करने की या अन्य ग्राम पंचायत में जुडने की मांग कभी भी नहीं की गई है। ऐसे में बिना सहमति ,बिना मांग उन्हें अन्य ग्राम पंचायत में जोडना क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय है। ज्ञापन में लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बिना ग्रामीणों की मांग एवं सहमति के भटाना से अलग अन्य पंचायत में जोड़ा जाता है तो ग्रामीणों को मजबूरन आंदोलन करना पडेगा एवं आगामी चुनाव का बहिष्कार भी किया जाएगा।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया

**रेवदर**, (निसं)। राजस्थान विधानसभा में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर की गई टिप्पणी व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक गोविन्दसिंह डोटासरा समेत छह विधायकों के निलंबन के विरोध में सिरोही जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर राज्य सरकार का पुतला दहन किया। विधायक मोतीराम कोली, जिला अध्यक्ष आनंद जोशी, पूर्व विधायक गंगाबेन गरासिया, राजेन्द्र सांखला, हेमलता शर्मा, संध्या चौधरी, प्रकाश राज मीणा, ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णवीरसिंह देवडा, रामसिंह, रतनाराम माली, नगर अध्यक्ष सुरेश रावल, हडमतसिंह मेडतिया आदि ने संबोधित करते हुए राज्य सरकार पर जमकर कटाक्ष किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सुभाष चौधरी, हरीश चौधरी, किशोर पुरोहित, हर्षुल अग्रवाल, प्रवीणनाथ, देवीदान चारण, कानाराम मेघवाल, सुरताराम देवासी, निंबाराम गरासिया, लखमाराम कोली, शंकरलाल कोली, महेंद्र चौहान, जोगाराम मेघवाल, महेशदान चारण, दीपक अग्रवाल, गणपतसिंह देवडा, पुष्पेन्द्र सिंह बनास, तखतसिंह भेरूगढ, रविंद्र रावल, हरीश राठौड, भरतसिंह, जैसाराम मेघवाल, परबतसिंह काबा, अजय बंजारा, पूराराम गरासिया, सुंदरदेवी, भैराराम मेघवाल, धनपतसिंह, असरफ जैदी, रेणुलता व्यास, रमेश कोली, मुकेश जोशी, सुल्तानसिंह, दर्जिंग पूरोहित, हितेश जोशी समेत सैकडो कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### मानक लेखन प्रतियोगिता आयोजित

**जोधपुर**, (कासं)। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर में विद्यालय में गठित मानक ब्यूरो क्लब द्वारा मानक लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य उम्मेद सिंह ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम मेन्टर शिक्षक विक्रम सिंह चौधरी ने विद्यार्थियों को मानको का महत्व तथा इसकी आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जागरूक करते हुए कहा कि कोई भी सामठाी खरीदने से पहले हम उसकी गुणवत्ता की जांच कर लें, जिसमें भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रमाणित चिह्न जैसे आईएसआई, सोने चांदी के आभूषणों पर हॉलमार्किंग आदि अंकित हों। गुणवत्तापूर्ण उत्पाद खरीदने से किसी प्रकार की दुर्घटना एवं आर्थिक नुकसान से बचा जा सकता है। मानक लेखन प्रतियोगिता में कुशाठा शर्मा प्रथम, अंशुल यादव द्वितीय तथा प्रेरणा मिश्रा तथा प्राची बिश्नोई संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहें। प्राचार्य उम्मेद सिंह ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। नवीन कुमार व्यास और श्रीमती आशा चौधरी के सहयोग से सम्पन्न इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन संसाधक सुमेर सिंह टाक ने किया।

### किसान निधि कार्यक्रम का प्रसारण होगा

**जालोर**, (कासं)। भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम् किसान निधि योजना की 19वीं किस्त सोमवार को पात्र किसानों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित करेंगे, जिसका सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र केशवाना में 24 फरवरी को दिखाया जाएगा, जिसमें जिले के 100 से अधिक किसान भाग लेंगे। प्रधानमंत्री बिहार के भागलपुर में क़िस्त जारी करेंगे एवं किसानो से विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये संवाद भी करेंगे। कृषि विज्ञान केंद्र केशवाना में 24 फरवरी को 2 बजे से 3.30 बजे तक पीएम् किसान निधि योजना का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। कृषि विज्ञान केंद्र केशवाना में खेती सम्बंधित प्रदर्शनियों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमे केंद्र पर स्थित प्रदर्शन इकाइयों जैसे मारवाड़ी बकरी पालन, कड़कनाथ मुर्गी पालन, वर्मी कम्पोस्ट, बेर बगीचा, अनार बगीचा, नेपियर (हाथी घास), एलोवेरा इत्यादी की भी जानकारी ले सकते है।

### मकान निर्माण के दौरान मजदूर घायल

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में एक निर्माणधीन मकान पर काम करने के दौरान मजदूर पर करीब 25 किलो वजनी पत्थर गिर गया। हादसे में घायल मजदूर को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उसका उपचार किया गया। जानकारी के अनुसार पाली के निकट इंद्रा नगर में रहने वाला 42 साल का कैलाश पुत्र कंवरलाल मकान निर्माण का काम करता है। शनिवार को वह इंद्रा नगर में ही मकान निर्माण का काम कर रहा था। जहां पत्थर की दीवार बनाने के दौरान उसके हाथ से पत्थर स्लिप होकर उसकी बॉडी पर गिर गया। हादसे में उसके पेट में गहरी चोट लगी। जिससे उसे तुरंत इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर साथी मजदूर पहुंचे। जहां ड्यूटी डॉक्टर जुगलकिशोर सहित अन्य ने उसका उपचार किया और आवश्यक जांच करवाई। डॉक्टर ने बताया कि मरीज की हालत खतरे से बाहर है। घटना की जानकारी मिलने पर मरीज के परिजन भी बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचे।

### एन.सी.डी. चिकित्सा शिविर आज

**जालोर**, (कासं)। जिला प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग जालोर के एनसीडी क्लीनिक प्रमुख चिकित्सा अधिकारी सामान्य चिकित्सालय जालोर की ओर से 23 जनवरी को एनसीडी निशुल्क चिकित्सा शिविर पीएमओ डॉ.पुनम टाक के आतिथ्य में आयोजित किया जाएगा। एन सी डी प्रभारी शहजाद खान ने बताया कि राष्ट्रीय कैंसर मधुमेह हृदय रोग व पक्षाघात बचाव नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एनसीडी क्लीनिक जिला चिकित्सालय जालोर द्वारा रविवार को शहर के किले की घाटी क्षेत्र में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा।

### अवकाश में भी खुलेंगे पंजीयन कार्यालय

**जालोर**, (कासं)। महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग राजस्थान, अजमेंर की ओर से प्रदत्त आदेशों की पालना में पूर्णकालीन एवं पदेन उप पंजीयक कार्यालय आवंटित लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए फरवरी-मार्च में होली के अवकाश को छोड़कर शेष समस्त राजकीय अवकाश के दिनों में आमजन की सुविधार्थ खुले रहेगें। जानकारी भागीरथ राम चौधरी उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक वृत्त पाली द्वारा दी गई।

# जालोर के मलकेश्वर मठ में गुरूकुल भवन का उद्घाटन

**जालोर**, (कासं)। मलकेश्वर मठ में दशनाम नवनाथ छः (खट) दर्शन मंडल जालोर की ओर से नवनिर्मित गुरुकुल भवन का समारोह पूर्वक उद्घाटन साधु संतो के सानिध्य में हुआ। समारोह के दौरान सभी संतों, महंतों व मठाधीशों का गुरुकुल परिसर में ढोल बाजों के साथ स्वागत किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर आयोजन के लाभार्थी सरत महंत शंकरस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज व उनके शिष्य गायत्री आश्रम सांथू विष्णु स्वरुप महाराज और नारायण स्वरुप महाराज की ओर से संतों का माल्यार्पण व शॉल पहनाकर स्वागत किया गया।

उद्घाटन समारोह में भोजन प्रसादी का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में समारोह के संस्थान संरक्षक व सिरे मंदिर धाम के पीर गंगानाथ महाराज, भैरुनाथ अखाड़े के योगी आनंदनाथ, योगी रेवती नाथ, महंत पवनपुरी महाराज, सरत महंत शंकरस्वरुप ब्रहमचारी महाराज, महासचिव लेटा महंत रणछोड भारती महाराज, अध्यक्ष पुनासा मठ के महंत बाबूगिरी महाराज, कोषाध्यक्ष गुजीपुरा महंत प्रेमभारती महाराज व विधि सलाहकार गोपालसिंह राजपुरोहित का मार्गदर्शन रहा। वही कार्यक्रम के अंत में सभी संतों को भेंट देकर विदाई दी गई।

इस दौरान ब्रह्मधाम आसोतरा के गादीपति तुलसाराम महाराज, निर्मदास महाराज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जागनाथ मठ के महंत महेन्द्र भारती, सुरेश्वर महादेव महत महावीरगिरी भारती रतनभारती महाराज, मलकेश्वर मठ महंत सेवा भारती महाराज, संतोषभारती महाराज, रूपपुरी महाराज, काशीनाथ महाराज करडा, प्रकाशनाथ महाराज, मंगलाईनाथ महाराज, सत्यानन्द महाराज समेत जिलेभर से बड़ी संख्या में महंत व संत मौजूद रहे।



जालोर के मलकेश्वर मठ में गुरुकुल भवन का उद्घाटन में साधु-संतों के सानिध्य में हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

# जोधपुर प्रभारी सचिव दिनेश ने कार्यों की समीक्षा की

जोधपुर, (कासं)।राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग के प्रमुख शासन सचिव एवं जोधपुर जिला प्रभारी सचिव दिनेश कुमार ने जोधपुर जिले से संबंधित तमाम बजट घोषणाओं के कामों में रफ्तार लाए जाने के निर्देश दिए और अधिकारियों से कहा है कि इनके प्रभावी क्रियान्वयन के साथ ही समयबद्धता और गुणवत्ता का पूरा-पूरा ध्यान रखें।

प्रभारी सचिव ने शनिवार को मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश दिए। उन्होंने वर्ष 2024-25 की बजट घोषणाओं की विभिन्न विभागों की प्रगति की जानकारी ली और इन्हें मूर्त रूप देने के लिए गति लाने के निर्देश दिए। बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के संबंध में भूमि आवंटन,उपलब्धता, चिन्हीकरण की स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किए जाने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने कहा कि बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन सरकार की प्राथमिकता में है और प्रदेश स्तर पर इसकी नियमित मोनिटरिंग की जा रही है। प्रभारी सचिव ने जिले से संबंधित समसामयिक विषयों, पेयजल प्रबन्धन, राइजिंग राजस्थान के एमओयू क्रियान्वयन, फार्मर्स रजिस्ट्री कैंप आदि बिन्दुओं पर भी जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने आगामी ठीष्म ऋतु के दृष्टिगत जिले में पेयजल प्रबन्धन के आपातकालीन प्लान की समीक्षा करते हुए पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रभारी सचिव ने राइजिंग राजस्थान अंतर्गत जिले के एमओयू की प्रगति की समीक्षा कर संबंधितों को निर्देश दिए कि इन्हें श्रेणीवार चिन्हित कर हितधारकों से नियमित संवाद स्थापित करें ताकि उपयुक्त मॉनिटिंरिंग सुनिश्चित हो।

फॉर्मर रजिस्ट्री शिविरों की समीक्षा करते हुए प्रभारी सचिव ने अधिक से अधिक किसानों के पंजीयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार आवश्यक है। उन्होंने शिविर के दौरान आ रही तकनीकी समस्याओं पर भी संबंधित अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की।

बैठक में जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल, जोधपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त उत्साह चौधरी, नगर निगम ( उत्तर - दक्षिण) आयुक्त सिद्धार्थ पालाचीनामी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. धीरज कुमार सिंह, पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) ऋषिराज सिंह , अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) जवाहर चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) सुरेंद्र पुरोहित सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अशोक गहलोत का स्वागत

**जोधपुर**, (कासं)। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज जोधपुर में एयरपोर्ट पर मीडिया से मुखातिब होते हुए केंद्र व राज्य सरकार पर कई तरह से निशाना साधा। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज जोधपुर प्रवास पहुंचे और कई सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। गहलोत के जोधपुर आगमन पर एयरपोर्ट पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर गहलोत जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए। वे इस दौरान आमजन से हाथ मिलाकर एवं अभिनन्दन कर मिले।

## रूद्र हवन 25 को

**जोधपुर**, (कासं)। परमहंस परिव्राजकाचार्य स्वामी ईश्वरानंद गिरि महाराज द्वारा दईजर लाछा बासनी में स्थापित संवित धाम आश्रम में मंगलवार 25 फरवरी को प्रातः 9 बजे से रुद्र हवन प्रारंभ होगा । इसके साथ ही तीन दिवसीय महाशिवरात्री महोत्सव का शुभारंभ होगा।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोष जताया

**जोधपुर**, (कासं)। विधानसभा में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी को लेकर की गई टिप्पणी के विरोध में शनिवार को जोधपुर में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया।

नई सड़क चौराहा पर जोधपुर शहर जिला जिलाध्यक्ष नरेश जोशी की अगुवाई में विरोध-प्रदर्शन कर राज्य सरकार के मंत्री गहलोत का पुतला फूंका गया। यहां जेडीए के पूर्व चेयरमैन राजेंद्र सोलंकी, पूर्व विधायक मनीषा पंवार, नगर निगम उत्तर की महापौर कुंती देवड़ा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजयलक्ष्मी पटेल, इलियास मोहम्मद, प्रवक्ता संजय गौड़ के साथ कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**पाली संवाददाता के अनुसार :** राज्य की भाजपा सरकार के मंत्री द्वारा भारत रत्न शहीद पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर टिप्पणी एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा समेत छह विधायकों के निलंबन के खिलाफ आज दोपहर 1 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय पाली से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाल कर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

जिला महासचिव रफीक चौहान ने बताया कि जिलाध्यक्ष अजीज दर्द , प्रदेश महासचिव शिशुपाल सिंह राजपुरोहित, महावीर सिंह सुकरलाई, प्रदीप हिंगड़, सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला, नेता प्रतिपक्ष हकीम भाई, पाली शहर ब्लॉक कांठोस कमेटी अध्यक्ष जीवराज बोराणा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मेहबूब टी, महिला जिलाध्यक्ष ऐश्वर्या सांखला, पुर्व जिला महामंत्री अरूण जोशी, शहर संगठन महामंत्री भंवर राव, पंचायत राज जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल, सुनील रामावत, आमीन अली रंगरेज आदि उपस्थित रहे।

**जालोर संवाददाता के अनुसार:** शनिवार को जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल के नेतृत्व में प्रदर्शन कर हरिदेव जोशी सर्किल पर मुख्यमंत्री व सरकार का पुतला दहन किया गया। प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, उम सिंह राठौड, प्रवक्ता योगेंद्र कुम्पावत, जिला संगठन महासचिव वीरेन्द्र जोशी, जिला उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली, ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, नगराध्यक्ष मुमताज अली, मंडल अध्यक्ष पीर सिंह मालपुरा, रमेश सोलंकी, मदनलाल दहिया, चतराराम सुथार, सेवादल जिलाध्यक्ष भेरूपाल सिंह दासपा, आमसिंह परिहार, खसराम मेघवाल, हस्तीमल सुथार, सोनाराम मेघवाल, सुरेश मेघवाल, गीताश्री, अमीन मोयला, सुरेश थांवला, किशनाराम चौधरी, श्रवण ढाका, कृष्ण कुमार वनिका, ओमप्रकाश चौधरी, इकबाल खान, फकरुद्दीन मेहर, इरफान आदि मौजूद रहे।

# वर्तमान में सभी समस्याओं का निदान गांधी विचार में निहित है : प्रो. शर्मा

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। सर्वोदय नेता एवं जैसलमेर जिला खादी ठाामोदय परिषद् के संस्थापक स्व. भगवानदास माहेश्वरी की बारहवीं व्याख्यान माला को सम्बोधित करते हुये पूर्व अध्यक्ष राजस्थान लोक सेवा आयोग एवं पूर्व वी.सी. कोटा विश्वविद्याल प्रो.बी.एम.शर्मा ने कहा कि वर्तमान सभी समस्याओं का निदान गांधी विचार में निहित है।

प्रो. शर्मा ने कहा कि हमारी सरकारों ने गांधी विचार की दिशा में व्यवस्था चलायी होती तो आज जिस तरह बैरोजगारी से युवा त्रस्त है. मंहगाई से आम आदमी पीड़ित है, भ्रष्टाचार आर्थिक एवं सामाजिक गैरबराबरी नहीं होती और ना ही किसानों को सड़कों पर बैठने की आवश्यकता और आत्महत्या करने की स्थिति आती। उन्होने कहा कि गांधी विचार को आज विश्व स्तर पर लागू करना होगा। जिस तरह से पर्यावरणीय समस्या एवं युद्धों को बढ़ाने के प्रयास हो रहे है, उन्हें गांधी की अहिंसक लोकशक्ति के दबाव से ही रोका जा सकता है। प्रो. शर्मा ने आगे कहा कि गांधीजी आजीवन गलत व्यवस्था से संघर्ष करते रहे उन्होनें अपने जीवन व आश्रमों को सत्याठाह की प्रयोगशाला बनाया।

सभा को सम्बोधित करते हुए राजस्थान समग्र सेवा संघ एवं जैसलमेर जिला खादी ग्रामोदय परिषद् के अध्यक्ष सवाईसिंह ने कहा कि श्रद्धेय भगवानदास माहेश्वरी भी गांधीजी के विचारों पर आगे बढ़े और आजादी की लड़ाई में कूदे। आज युवकों को गांधीजी एवं माहेश्वरी जी से प्रेरणा लेकर लोक शक्ति खड़ी करनी चाहिये, तभी व्यवस्था बदलेगी।

उन्होंने कहा कि गांधीजी के 19 रचनात्मक कार्यक्रम है उनमें से प्राथमिकता से उठाते हुये कौमी एकता. खादी ग्रामोद्योग एवं नशाबंदी को ले सकते है। नरों का व्यापार सरकार को भी तुरंत छोड़ देना चाहिये, क्योंकि वह बर्बादी के अलावा कुछ नहीं करता।

सभा को सम्बोधित करते हुए खादी परिषद् के वरिष्ठ सदस्य राजेन्द्र व्यास ने कहा कि आज सबसे अधिक गांधी विचार की प्रासंगिकता है। उन्होनें युवको को आव्हान किया कि वे गांधी विचार का अध्ययन करें एवं उन मूल्यों को जीवन में उतारे।

सभा की अध्यक्षता करते हुये वरिष्ठ समाजवादी विचारक श्यामसुन्दर डावाणी ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था का विकल्प गांधी विचार ही है. उसकी और बढ़ना चाहिये।

खादी परिषद् के उपाध्यक्ष मदनलाल भूतड़ा ने अतिथियों का शाल ओढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मान किया और खादी परिषद के मंत्री राजूराम प्रजापत ने सभा का संचालन किया। सभा के प्रारंभ में मंचासीन अतिथियों द्वारा भगवान दास माहेश्वरी के चित्र पर माल्यार्पणकर पुष्पाजंलि की गई।

सभा में गांधी जीवन दर्शन समिति संयोजक उम्मेदसिंह त वर, पूर्व प्रमुख अंजना मेघवाल, पूर्व पार्षद गवरादेवी मालपानी, ब्रजरानी मालपानी, चन्द्रप्रकाश भाटिया, चतरसिंह रामगढ़, रमणलाल पंवार, राधेश्याम मालपनी, अर्जुन जैन, ब्रजमोहन रामदेव, चन्द्रप्रकाश बल्लाणी, प्रो. अशोक तंवर, सीमाग्राम स्वराज्य संघ के मंत्री शंकरलाल प्रजापत, दीनदयाल तवंर, मोहनलाल पुरोहित नेमीचन्द जैन, डलाराम कबीरबस्ती, प्रागाराम छत्रैल, भगवाना राम कबीरबस्ती, अशोक छंगाणी, योगेन्द्र प्रसाद शर्मा, रफिक मोहम्मद, भैराराम मंधा, साहित्यकार ओमप्रकाश भाटिया, गांधी बाल मंदिर के अध्यापक व अध्यापिकायें, खादी संस्था के कार्यकर्ताओं आदि उपस्थित थे। सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



जैसलमेर में प्रो.बी.एम.शर्मा ने स्व. भगवानदास माहेश्वरी की बारहवीं व्याख्यानमाला को सम्बोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

# पाली में 5 किलोमीटर पीछा कर पुलिस ने तस्करी के आरोपी को पकड़ा

**पाली**, (नि.सं.)। मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में वांटेड एक आरोपी को पुलिस जब पकड़ने गई तो आरोपी खेतों में भाग गया, लेकिन पुलिस ने भी हिम्मत नहीं हारी। करीब 5 किलोमीटर तक आरोपी का पीछा कर आखिरकार उसे पकड़ा और पाली लेकर आए।

पाली ग्रामीण सीओ रतनाराम देवासी ने बताया कि पाली के सदर थाना पुलिस ने जनवरी 2025 में एमडीएमए ड्रग्स का मामला पकड़ा था।

मामले में मोस्ट वांटेड आरोपी रमजान खान फरार था। मुखबिर से सूचना मिलने पर सदर थानाप्रभारी सहदेव चौधरी ने आरोपी को पकड़ने के लिए एक टीम जोधपुर जिले के बुचकल्ला (पीपाड़) भेजी। टीम ने आरोपी के घर पर दबिश दी लेकिन वह पुलिस को देख खेतों की तरफ भाग गया। जिसका पुलिस ने करीब चार-पांच किलोमीटर तक पीछा किया और आखिरकार आरोपी 30 साल के रमजान पुत्र रज्जाक खान निवासी जोधपुर जिले के बुचकल्ला (पीपाड़ सिटी) को गिरफ्तार किया।

आरोपी आला दर्ज का बदमाश है। उसके खिलाफ बिलाड़ा, पीपाड़ शहर, रातानाड़ा जोधपुर, पादुकला नागौर, मांडल में मादक पदार्थों की तस्करी, आर्म्स एक्ट, हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, धोखाधड़ी, मारपीट करने जैसे 11 मामले दर्ज है।

# जे.डी.ए. दस्ते ने करवड़ में अतिक्रमण हटाए

**जोधपुर**, (का.सं.)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा नियमित रूप से अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर कार्यवाही के क्रम में जेडीए दस्ते द्वारा शनिवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए ग्राम करवड़ के खसरा संख्या 417 में प्राधिकरण की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त कर हटाया गया।

उपायुक्त जोन-6 दिनेश कुमार मीणा के निर्देशन में तहसीलदार जोन-6 प्रतिज्ञा सोनी मय अतिक्रमण निरोधक दस्ते एवं पुलिस थाना करवड़ मय जाब्ते द्वारा ग्राम करवड़ के खसरा संख्या 417 का निरीक्षण किया गया। जेडीए दस्ते द्वारा निरीक्षण के दौरान सरकारी व प्राधिकरण की भूमि पर राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, करवड़ के मुख्य गेट के पास प्राधिकरण द्वारा निफ्ट को आवंटित भूमि पर लगभग 60 गुणा 65 फीट में हाल ही में लगभग 6 दुकानों व 2 कमरों का अवैध निर्माण कर अनाधिकृत रूप से किये गये अतिक्रमण को प्राधिकरण अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा तीन जेसीबी मशीन व एक ट्रैक्टर की सहायता से ध्वस्त कर हटाया जाकर प्राधिकरण की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

इसी प्रकार पुलिस थाना करवड़ के सामने नागौर रोड पर ग्राम करवड़ के ही खसरा संख्या 422 में अवैध रूप से चल रहे व्यावसायिक निर्माण कार्य एवं ग्राम घड़ाव के खसरा संख्या 187 में प्राधिकरण की भूमि पर अवैध रूप से निर्माण कार्यों को जेडीए दस्ते द्वारा बंद करवाया जाकर निर्माण कार्य में काम आने वाले औजारों को जब्त कर प्राधिकरण कार्यालय लाया गया। साथ ही अप्रार्थियों को सख्त हिदायत दी गयी कि प्राधिकरण अथवासरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या अतिक्रमण नहीं करें अन्यथा नियमानुसार सख्त कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन अधिकारी, पुलिस निरीक्षक, भू अभिलेख निरीक्षक, प्रवर्तन निरीक्षक एवं पटवारी मौजूद रहे।

# जालोर ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई

**जालोर**, (कासं)। नेहरू युवा केन्द्र जालोर एवं युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित जालोर ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन आज पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जालोर में हुआ। जिसमे अतिथि हेमेन्द्र सिंह एवं प्रधानाचार्य चैनकरण करणोत नेतृत्व में हुआ।

प्रधानाचार्य ने बताया कि खेल को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए तथा इसमें हार जीत होती रहती है, हारी हुई टीम को हताश नहीं होना चाहिए, खेल जीवन का अभिन्न अंग है तथा खेल से मनुष्य स्वस्थ रहता है। कबड्डी में स्वरंगिरी फाउंडेशन की टीम प्रथम स्थान पर व पीएमश्री रा.उ.मा.वि. की टीम उपविजेता रही रस्साकसी प्रतियोगिता में पीएमश्री रा.उ.मा.वि. की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया व एल बी बी एस ग्रुप जालोर की टीम उपविजेता रही तथा 100 मीटर दौड़ में कुसुम सुथार प्रथम, दिव्या सोनी द्वितीय व दीपिका कुमारी तृतीय स्थान पर तथा 200 मीटर दौड़ में में कुसुम प्रथम, दीपिका सेन द्वितीय तथा दीव्य सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तो वहीँ पुरुष वर्ग में100 मीटर दौड़ में जीतेन्द्र कुमार प्रथम, कांतिलाल द्वतीय व उम्मेदराम तृतीय पर तथा 200 मीटर दौड़ में जीतेन्द्र कुमार प्रथम, कांतिलाल द्वतीय व अशोक कुमार तृतीय स्थान पर रहा।

इस अवसर पर शा. शिक्षक शिवदत्त आर्य, असलम खान, जबार खान, महबूब खान, नरेश मालवीय ने निर्णायक की भुमिका निभाई।

# कब बुलबुल उत्सव संपन्न

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय जालोर के तत्वावधान में जिला स्तरीय कब बुलबुल उत्सव आयोजित हुआ । शनिवार समापन समारोह के दौरान स्काउट गाइड कब बुलबुल ने छोटे स्तरपर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये। पोस्टर व मॉडल सांस्कृतिक प्रतियोगिता में उच्च स्तर प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया गया।

सी.ओ. स्काउट सवाईसिह ने बताया कि उत्सव के दौरान कब बुलबुल से संबंधित कई तरह की गतिविधियां विशाल गर्जना, बड़ी सलामी,वीर गर्जना, और विभन्न प्रकार की सांस्कृतिक एंव सामाजिक नैतिक शिक्षा के साथ नेतृत्व की भावना एंव साहसिक गतिविधियों की गई। इस अवसर पर ईश्वरसिह एडीपीसी शिक्षा विभाग जालोर, हनीफखान पूर्व जिला शिक्षा अघिकारी जालोर, जब्बरसिह राठौड निदेशक जालोर पब्लिक स्कुल जालोर, केएन भाटी निदेशक विघा भारती स्कुल जालोर, सुर्यवीरसिह निदेशक इम्मानुएल मिशन स्कुल जालोर ने स्काउट गाइड कब बुलबुल को आशीर्वाद प्रदान कर उनके द्वारा प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रम गतिविधियों की भूरी भूरी प्रशंसा की।

स्काउटर महेन्द्र कुमार भाटी, जुहारलाल डांगी, दलपताहि जोघा, कानाराम भारद्वाज, दिनेश कुमार, संदीपसिह, बच्चुसिह, विक्रमसिह, दौलतनाथ,महावीर, घर्मसिह मीणा, इन्द्रकुमार,जालाराम,हडमताराम एंव गाइडर मनिषा गोस्वामी, सीमा, गीता, रितिका कंसारा तथा रोवर रेंजर की सेवाएं सराहनीय रही। कार्यक्रम का संचालन प्रकाशचंद स्काउटर व सुनिता गुर्जर गाइडर ने किया।


राजस्थान सरकार वन विभाग

कार्यालय उप वन संरक्षक वन्यजीव , जैसलमेर

इस कार्यालय अधीन रेंजो में विभिन्न विकास कार्य करवाने हेतु निविदा मे वर्णित सामग्री एंव सेवाए क्रय किए जाने हेतु जारी ई- निविदा का प्रकाशन दिनांक 20.02.2025 को राजकीय वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in/ एवं http://sppp.rajasthan.gov.in/पर अपलोड कर दिया है । ई -निविदाओ का विवरण निम्नानुसार है -

| S.No | Tender ID | NIB Code | UBN Code |
|---|---|---|---|
| 1 | 2025_FORES_449045_1 | FOR2425A3271 | FOR2425GLOB04669 |

उप वन संरक्षक
वन्यजीव, जैसलमेर